2442

श्री निरंजन कुमार मेहता, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं०-18/2/3094 का उत्तर प्रतिवेदन।

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत ग्वालपाड़ा प्रखंड के गवालपाड़ा वितरणी के आर. डी. नं०-7 एवं आर. डी. नं0-8 पर निर्मित साईफन वर्ष 2008 के आई बाढ़ में ध्वस्त हो गया, जिसके कारण बरसात में गवालपाड़ा, झलाड़ी एवं शाहपुर पंचायतों में किसानों की लहलहाती फसल बर्बाद हो जाती है, यदि हां तो सरकार उक्त आर. डी. नं0-7 एवं आर. डी. नं०-8 पर कबतक साईफन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	वस्तुस्थिति यह है कि मधेपुरा जिला के ग्वालपाड़ा प्रखंड में ग्वालपाड़ा वितरणी नहीं बल्कि ग्वालपाड़ा लघुनहर है। ग्वालपाड़ा लघुनहर आलमनगर वितरणी के 0.61 कि0मी0 से निकलती है। इस लघुनहर का रूपांकित जलश्राव 21 क्यूसेक है तथा कुल लंबाई 6.86 कि0मी0 है। ग्वालपाड़ा लघुनहर के कि0मी0 2.13 (आर0डी0 7.00) एवं कि0मी0 2.44 (आर0डी0 8.00) पर कोई सायफन संरचना निर्मित नहीं है। ग्वालपाड़ा, झलाड़ी एवं शाहपुर पंचायतों के वर्षा के पानी का निकासी हेतु ग्वालपाड़ा लघुनहर के कि0मी0 1.83 (आर0डी0 6.00) पर 9 भेंट का ह्यूम पाईप एक्वाडक्ट एवं कि0मी0 3.35 (आर0डी0 11.00) पर 3 भेंट का ह्यूम पाईप सी0डी0 संरचना निर्मित है, जिसके के माध्यम से वर्षा के पानी का निकासी आसानी से हो जाता है। विगत वर्षो में प्रश्नगत स्थल पर जल जमाव की समस्या उत्पन्न नहीं हुई है। प्रश्नगत स्थल पर जल जमाव के निकासी हेतु सी0डी0 के निर्माण की आवश्यक्ता से संबंधित तकनीकी संभाव्यता की जाँच कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने का निदेश मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन, सहरसा को दिया गया है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सह0)–05–119 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 3094 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सह0)–05–119 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सह0)–05–119 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सह0)–05–119 / 2026– 1285 पटना, दिनांक– 18/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

17.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
17.03.26